Email : railsamacharbureau@rediffmail.com, website: www.railsamacharbureauald.com

# रेल समाचार ब्यूरो

भारतीय रेल देश की जीवन रेखा है, इसका आधुनिकीकरण हमारी प्राथमिकता है

R.N.I No. 51097/90 DN/XXX/18-20 Post AD No. 8

सम्पूर्ण रेल जगत का प्रथम पाक्षिक

अपने शुभचिंतको को घर पर ही विदा करें, प्लेटफार्म पर नहीं

हमें रेलवे की तस्वीर और बेहतर बनानी होगी

वर्ष २६ अंक ९-१० इलाहाबाद रेल समाचार ब्यूरो १-३१ मई २०१८ (संयुक्तअंक) पृष्ठ १२ मूल्यः १०+०५ रु.मात्र

## बहादुरी के लिए रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल शिवाजी को रेल मंत्री पदक से किया जाएगा सम्मानित

नई दिल्ली। रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल शिवाजी को बहादुरी के लिए एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार के साथ ही रेलमंत्री के पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। रेलमंत्री का पदक बल के उस सदस्य को दिया जाता है जिसने बल के सदस्य के रूप में अत्यंत साहस, कौशल अथवा बहादुरी का परिचय देते हुए ड्यूटी के प्रति विशिष्ट समर्पण की भावना प्रदर्शित की हो। आरपीएफ कांस्टेबल शिवाजी २३.०४.२०१८ को दक्षिणी रेलवे में वेलाचारी स्टेशन से ट्रेन में पहरेदारी कर रहे थे। जैसे ही ट्रेन चिंताड्राइपेट स्टेशन से रवाना हुई उन्हें रात में करीब पौने बारह बजे साथ के डिब्बे से एक महिला के चीखने की आवाज सुनाई दी। रेलवे सुरक्षा बल के कांस्टेबल शिवाजी पार्क टाउन स्टेशन पर उस डिब्बे में गए। यह देखने पर की एक पुरुष महिला का यौन उत्पीड़न कर रहा है। वे तत्काल हरकत में आ गए,और उन्होंने अपराधी को पकड़ा और महिला को छुड़ा लिया। अपराधी को तत्काल रेलवे पुलिस, चेन्नई एगमोर (जीआरपी) को सौंप दिया गया और शिवाजी की शिकायत पर एक एफआईआर दायर की गई।

महिला को चिकित्सा के लिए चेन्नई स्थित राजीव गांधी अस्पताल ले जाया गया। एक महिला यात्री को बचाने के लिए समय पर की गई कार्रवाई के कारण शिवाजी ने अनेक लोगों का दिल जीत लिया।रेलवे महानिरीक्षक पोन माणिककावेल ने शिवाजी की तेजी से कार्रवाई की प्रशंसा की और उन्हें ५००० रुपये का नकद पुरस्कार दिया।

**हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन**

## मानवरहित क्रासिंग खत्म करने हेतु मिशन मोड प्लान की रेलमंत्री द्वारा समीक्षा

### महाप्रबंधकों के साथ विस्तृत बैठक में दिए आवश्यक निर्देश



नई दिल्ली। केंद्रीय रेल और कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सदस्यों, रेल सुरक्षा के मुख्य आयुक्त, ५ रेल जोनों के जीएम एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विस्तृत बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने भारतीय रेल से मानव रहित स्तर क्रासिंग (यूएमएलसी) को पूरी तरह खत्म करने की योजना की समीक्षा की। बैठक कुशीनगर दुर्घटना के पीड़ितों की याद में २ मिनट की मौन के साथ शुरू हुई। रेल मंत्री के रूप में प्रभार लेने के बाद पीयूष गोयल द्वारा ७ सितंबर २०१७ को आयोजित पहली ही बैठक सुरक्षा मुद्दों पर थी। उसमें उन्होंने निर्देश दिया था कि सभी यूएमएलसी अगले एक वर्ष में समाप्त हो जाने चाहिए। इस संबंध में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की गई है जिसमें ए, बी और सी मार्गो पर अब केवल ५८ यूएमएलसी शेष रह गए हैं, जिन पर भारतीय रेल यातायात का ८० प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्भर है। भारतीय रेल ने यूएमएलसी पर दुर्घटनाओं में कमी लाने की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसके कारण पिछले ४ वर्षों में (२०१३-१४ में ४७ दुर्घटनाएं हुई थीं, जो २०१७-१८ में कम होकर १० पर आ गई) यूएमएलसी दुर्घटनाओं में ७९ प्रतिशत की कमी आई है। पिछले चार वर्षों के दौरान यूएमएलसी के उन्मूलन की औसत दर में भी लगभग दो तिहाई की वृद्धि हुई है। अब ब्राड गेज नेटवर्क पर केवल ३,४७९ यूएमएलसी बचे हुए हैं। अब शेष यूएमएलसी को खत्म करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति योजना बनाई जा रही है, जिसमें यूएमएलसी पर कर्मचारियों की बहाली, रेलवे अंडर ब्रिज (आरयूबीएस), रेलवे ओवरब्रिज, डाइवर्जन आदि का निर्माण शामिल होगा। यह कार्य ट्रैक खंडों पर काम के साथ-साथ निष्पादित किया जाएगा। यूएमएलसी की एक उल्लेखनीय संख्या के साथ पांच महत्वपूर्ण जोनों एनआर,डब्ल्यूआर,एनईआर, एनडब्लूआर, ईसीआर) के जीएम के साथ एक विस्तृत समीक्षा की गई। उत्तरदायित्व और सार्वजनिक निगरानी बढ़ाने के लिए एक वेबसाइट के माध्यम से यूएमएलसी के उन्मूलन की प्रगति को पारदर्शी रूप से आनलाइन साझा किया जाएगा। ११ जोनों में यूएमएलसी को खत्म करने का लक्ष्य सितंबर, २०१८ होगा। शेष ५ जोनों के लक्ष्य जल्द ही निर्धारित किए जाएंगे। पीयूष गोयल ने भारतीय रेल के लिए सुरक्षा प्रथम के उद्देश्य को दोहराया और जोर देकर कहा कि बचाया गया हर जीवन अमूल्य है।


### कुशीनगर दुर्घटना पर रेलमंत्री की संवेदना

कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में मानव रहित फाटक पर हुई दुर्घटना में स्कूली बच्चों की मृत्यु से रेलमंत्री ने गहरा दुख प्रकट किया। उन्होंने कहा की मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं, और ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ। रेल मंत्रालय की ओर से मृतकों के परिवारों को २ लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को १ लाख रुपये, और चोटिल लोगों को ५० हजार रुपये की सहायता राशि दी जायेगी। रेलमंत्री ने कहा कि दुर्घटना की उच्चस्तरीय जाँच का आदेश दे दिया गया है।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# प्रधानमंत्री ने रेल यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ने के लिए की वरिष्ठ नागरिकों की सराहना

## सब्सिडी छोड़ने से भारतीय रेलवे को ७७ करोड़ रुपये की बचत




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'भारत की बात सबके साथ' कार्यक्रम में रेल यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ने के लिए भारत के वरिष्ठ नागरिकों की सराहना की है। लंदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रेलवे स्टेशन पर बिताए गए अपने दिनों के साथ-साथ उस दौरान हासिल अविस्मरणीय अनुभवों को स्मरण किया। प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे के स जन में भारतीय रेलवे द्वारा हासिल की गई उल्लेखनीय प्रगति को भी रेखांकित किया।

भारतीय रेलवे ने यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ने का विकल्प अपनाने वाले वरिष्ठ नागरिकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। १५ अगस्त, २०१६ से लेकर ३१ मार्च, २०१८ तक लगभग ४० लाख वरिष्ठ नागरिकों ने स्वेच्छा से यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ दी है, जिससे इस अकेली पहल से भारतीय रेलवे को ७७ करोड़ रुपये की बचत हुई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए यात्री किराये में १०० प्रतिशत तक रियायत छोड़ने का विकल्प पहले से ही उपलब्ध था। यही नहीं, भारतीय रेलवे ने वरिष्ठ नागरिकों को यह विकल्प भी दिया कि या तो वे रेल टिकटों पर उपलब्ध पूर्ण रियायत अथवा इसके आधे से लाभ उठाएं। वरिष्ठ नागरिकों द्वारा यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ने की योजना 'गिव इट अप' काफी सफल साबित हुई है। भारतीय रेलवे उन वरिष्ठ नागरिकों की आभारी है, जिन्होंने यात्री किराये पर सब्सिडी छोड़ने का विकल्प अपनाया है।

मौजूदा समय में पुरुष वरिष्ठ नागरिकों को कुल यात्री किराये पर ४० प्रतिशत रियायत और महिला वरिष्ठ नागरिकों को कुल यात्री किराये पर ५० प्रतिशत रियायत मिलती है। वैसे तो यात्री किराये पर रियायत पाने वालों में दिव्यांगजनों सहित यात्रियों की कई श्रेणियां शामिल हैं, लेकिन इस दृष्टि से प्रमुख लाभार्थी वरिष्ठ नागरिकों के संवर्ग में ही हैं।

# ग्रामीण क्षेत्र की ग्रहिणियों को धुएं से बचाने का सरकार का संकल्प - स्वाती सिंह

लखनऊ। प्रदेश की एन०आर०आई, बाढ़ नियंत्रण, कृषि निर्यात, महिला कल्याण एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्वाती सिंह एवं सांसद कौशल किशोर ने संयुक्त रूप से सरोजनी नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खुर्रमनगर में उज्ज्वला दिवस के अवसर पर १०१ निर्धन महिलाओं को निः शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए। इस मौके पर आयोजित उज्ज्वला पंचायत में एकत्र हुए ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने महिलाओं और ग्रहिणियों को धुएं से बचाने का संकल्प लिया है। इसी के तहत लखनऊ जनपद की इस तहसील में महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन वितरण करने की महत्वकांक्षी योजना का शुभारम्भ किया गया है।स्वाती सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना दिवस का यह कार्यक्रम ग्राम्य स्वराज अभियान के तहत शुरू किया गया है। इस मौके पर ग्राम प्रधान संतोश सिंह, पूर्व महिला मोर्चा की मण्डलीय अध्यक्ष श्रीमती उमा सिंह, के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# रेलमंत्री ने ६३वें रेल सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में कर्मचारी/अधिकारी को किया सम्मानित

## मध्य प्रदेश की जनता को दिया तोहफा, इंदौर-हावड़ा-इंदौर अब रोजाना




भोपाल।(मध्य प्रदेश)केंद्रीय रेल और कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने चार जोनल प्रतियोगिता के विजेताओं और ११३ कर्मचारियों / अधिकारियों तथा इकाइयों को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए सम्मानित किया। ६३वां रेल सप्ताह राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह १६ अप्रैल, २०१८ को भोपाल में आयोजित किया गया था।इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष श्री अश्विनी लोहानी, रेलवे बोर्ड के सचिव रंजनेश सहाय और भारतीय रेल के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री पीयूष गोयल ने रेल कर्मियों से पूरे जोश और टीम के रूप में अपने अच्छे कार्य जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रेलवे मध्य प्रदेश में बड़ी तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने इस अवसर पर मध्य प्रदेश के लोगों के लिए दो पहलों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि रेल संख्या २२६११/२२६१२ इंदौर-हावड़ा-इंदौर, क्षिप्रा एक्सप्रेस में पेंट्री सेवा की सुविधा प्रदान की जाएगी और यह रेल सप्ताह में तीन बार की बजाय अब रोजाना चलेगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश में रेलवे द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस रेल बजट में मध्य प्रदेश के लिए अधिकतम राशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में चल रहे रेल कार्यों को प्रभावी तरीके से समय पर सम्पन्न करने में मदद मिलेगी। रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने अभिप्रेरणा और सकारात्मकता के लिए दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। रेल राज्य मंत्री श्री मनोज सिन्हा ने कहा कि रेलवे प्रगति के मार्ग पर है तथा रेलवे को और ऊंचाई पर ले जाने के लिए सभी रेल कर्मचारियों के योगदान की आवश्यकता है।

रेल मंत्री ने समारोह के दौरान बेहतर व्यवस्था के लिये रेलवे बोर्ड की आयोजन समिति और पश्चिम मध्य रेल की सराहना की तथा दोनों को ११-११ लाख रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की। पीयूष गोयल ने भारतीय रेल स्टेशन विकास निगम (आईआर-एसडीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री संजीव लोहिया के साथ हबीबगंज स्टेशन पर चल रहे पुर्नविकास कार्य का मुआयना भी किया। भारतीय रेल का यह पहला स्टेशन है, जिसे विश्व स्तरीय स्टेशन बनाया जा रहा है। श्री गोयल ने कार्य की विस्तृत योजना और प्रगति की जानकारी ली। वे हबीबगंज स्टेशन पर सब-वे भी गये। रेल और कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल ने निर्देश दिया कि हबीबगंज स्टेशन का पुर्नविकास कार्य दिसंबर २०१८ की इसकी समय-सीमा के भीतर पूरा हो जाना चाहिए।

# लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के लिए ५०० करोड़ रुपये मंजूर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित ०६ लेन एक्सप्रेस-वे (ग्रीनफील्ड) परियोजना हेतु विभिन्न कार्यों के लिए ५०० करोड़ रुपये मंजूर करते हुए मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा के पक्ष में जारी कर दिया है। इस संबंध में औद्योगिक विकास विभाग द्वारा शासनादेश भी जारी कर दिया गया है। आगरा से लखनऊ एक्सप्रेस-वे लिए स्वीकृत की गई धनराशि का उपयोग सिविल कार्यों, सुपर विजन चार्जेज, कन्टीजेंसी, निगमों/विभागों को ट्रांसमिशन लाइन की शिफ्टिंग, बिजली के खम्भों/लाइनों की शिफ्टिंग, सरकारी स्कूल तथा नलकूल आदि के लिए किया जायेगा।

# Heartline

**Heartline Cardiac Care Centre**
**14/18, Elgin Road, Near Civil Lines Bus Station**
**Behind BIG BAZAAR, BSNL Office**
**Allahabad**

**For Appointments : 8726209111**

- ANGIOGRAPHY • ANGIOPLASTY • ECHO & COLOUR DOPPLER • TMT • HOLTER • PERMANENT PACEMAKER

22 वर्षों से हृदय रोगियों की सेवा में समर्पित
इलाहाबाद का सर्वप्रथम एवं सर्वश्रेष्ठ हृदय रोग चिकित्सा केन्द्र

## हार्टलाइन हृदय रोग अस्पताल

14/18, एल्गिन रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद बस अड्डे के पास, बिग बाज़ार के पीछे - मो. 8726209111

| हृदय रोग के कारण | हृदय रोग के लक्षण | सुविधा उपलब्ध |
|---|---|---|
| धूम्रपान | सीने बाँह व कंधे मे दर्द | ई.सी.जी |
| रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) | बदन या पैरों में सूजन | ईको एवं कलर डॉपलर |
| मधुमेह (डॉयबिटिस) | खाँसी आना, हाँफना | एक्स-रे |
| मोटापा | साँस फूलना | होल्टर |
| मानसिक तनाव | कमजोरी, थकावट | टी.एम.टी. |
| गतीहीन जीवनशैली | पसीना, बेहोशी आना | स्ट्रेस ईको |
| हृदय रोग की परिवारिक समस्या | धड़कन बढ़ना | एन्जीयोग्राफी |
| खून में चर्बी की अधिक मात्रा | चक्कर आना | एन्जीयोप्लास्टी |
| अनियमित खान-पान | घबराहट होना | पेस्मेकर लगाना |

परामर्श का समय : सुबह 9 बजे से 3 बजे तक
अत्याधुनिक उपकरणों से परिपूर्ण गंभीर हृदय रोग कक्ष

24 घण्टे सेवा उपलब्ध

# इलाहाबाद से शुरू हुआ हमसफर का सफर

## रेल राज्य मंत्री ने ट्रेन नंबर २२४३७ को झंडी दिखाकर किया रवाना



इलाहाबाद। भारतीय रेल ने नई हमसफर ट्रेन, २२४३७ /२२४३८ इलाहाबाद-आनंद विहार टर्मिनल (सप्ताह में तीन दिन) की शुरूआत की। केन्द्रीय संचार (स्वतंत्र प्रभार) तथा रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने दिनांक ०६.०५.२०१८ को उत्तर मध्य रेलवे के इलाहाबाद स्टेशन से इस ट्रेन सेवा का उद्घाटन किया। यह ट्रेन प्रत्येक सोम,बुध,शनि को इलाहाबाद से २२.२० पर प्रस्थान कर ०६.१५ पर आनन्द विहार (ट) पहुंचेगी, तथा वापसी में यह ट्रेन प्रत्येक मंगल, गुरू, रवि आनन्द विहार (ट)से रात्रि २२.४० पर छूट कर अगले दिन सुबह ०६.१० पर इलाहाबाद जंक्शन पहुचेगी। आधुनिक सुविधाओं से लैस इस ट्रेन में हर बर्थ पर मोबाइल, लैपटाप चार्जिंग की सुविधा, एवं हर केबिन में काफी, टी,सूप वेंन्डिंग मशीन की सुविधा के साथ-साथ सीसीटीवी, जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली को भी लगाया गया है। आंतरिक साज-सज्जा से युक्त इस ट्रेन में दिव्यांगो के लिए सभी सीट पर ब्रेल लिपि में सीट नंबर अंकित किये गए हैं। हमसफर में कुल १२६६ बर्थ उपलब्ध हैं एवं इसका ठहराव अभी कानपुर सेंट्रल पर दिया गया है। इस मौके पर सांसद श्यामा चरण गुप्ता , नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमन सिह ,मेयर अभिलाषा नन्दी गुप्ता, एवं रेलवे बोर्ड से आये सदस्य यातायात मो.जमशेद आदि उपस्थित थे।

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन

# SERWWO FELICITATES HARD WORKING SAFETY RELATED GROUP-D EMPLOYEES

Kolkata: With a view to encourage the Safety Category Group-D Employees, Smt.Surabhi Agrawal,President, SERWWO felicitated 35 Group-D categories of Gangman, Trolleyman, Gateman, OHE Khalasi, Signal Maintenars etc. from four divisions i.e. Kharagpur, Adra, Chakradharpur and Ranchi of SER for their sincere, dedicated & outstanding performances in various spheres of safety activities in train movements during inclement weather and adverse situations at a function held at BNR Officers' Club, Garden Reach on 10.05.18. The President/SERWWO along with other members gave away Cash awards & Merit Certificates to the devoted employees. South Eastern Railway Women's Welfare Organization (SERWWO) is a philanthropic and charitable organisation. The main objectives of this organisation are to help the wards of railway employees for their education, treatments and health care. This Organisation also sends relief materials to the affected areas during natural calamities like flood, earthquake etc. It also donates to various welfare organisations in and around Kolkata.Smt. Surabhi Agrawal, President, SERWWO while welcoming and felicitating the awardees, recognised their perfect role for smooth maintenance of railway tracks, signal maintenance and safe running of trains during their duty assignments.

*Forgiveness is a virtue of the brave*
*(INDIRA GANDHI)*




# रेलवे महिला कल्याण संगठन ने मनाया श्रमिक दिवस




नई दिल्ली। महिला कल्याण संगठन की सभी तीनों शाखाओं अर्थात् रेलवे महिला कल्याण केन्द्रीय संगठन, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन और उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, दिल्ली मंडल ने दिनांक ०१.०५.२०१८ को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाया। इस अवसर पर रेलवे महिला कल्याण केन्द्रीय संगठन की अध्यक्षा, श्रीमती अरूणिमा लोहानी, मुख्य अतिथि तथा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, श्रीमती अनिता चौबे विशेष अतिथि थीं।

श्रीमती लोहानी ने उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल के विभिन्न विभागों के ६६ महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को उनकी कर्मठता परिश्रम और समर्पण के लिए सम्मानित किया। उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती लोहानी ने कहा कि यह रेलवे के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का अनवरत श्रम है कि रेलवे जैसा विशाल संगठन प्रतिदिन अपनी सहज गति से चलता है ।

# २१वें राष्ट्रमंडल खेलों में चमके उत्तर रेलवे के खिलाड़ी



नई दिल्ली। उत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने एक बार फिर २१ वें राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन किया। दिनांक ४ से १५ अप्रैल, २०१८ तक आयोजित हुए राष्ट्रमंडल खेलों में सभी पदक विजेताओं एवं उसके प्रशिक्षकों की उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे ने भूरी भूरी प्रशंसा की एवं बधाई दी और कहा कि उत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा सभी खिलाड़ियों को जल्द ही पुरस्कृत किया जाएगा। इन खिलाड़ियों में सुशील कुमार ने ७४ किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, बजरंग पुनिया ने ६५ किलो फ्रीस्टाइल कुश्ती स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, सुमित मालिक ने १२५ किलोभार वर्ग में स्वर्णपदक जीता, विनेश फोगाट ने महिलाओं के ५० किलो में अपनी बादशाहत कायम रखी और स्वर्ण पदक जीता,साक्षी मलिक को ६२ किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक मिला, प्रदीप सिंह १०५ किलो भार वर्ग में रजत पदक, प्रदीप ने कुल ३५२ किलो भार उठा कर दूसरा स्थान प्राप्त किया, मनोज कुमार ने मुक्केबाजी के ६६ किलो एवं नमन तंवर,६१ किलो वर्ग में कांस्य पदक जीता एवं ५७.४३ मीटर चक्का फेंक में नवजीत कौर ढिल्लों ने कांस्य पदक जीता।

# इलाहाबाद जंक्शन पर नही थम रहा अवैध वेंडरों का जाल

इलाहाबाद। गर्मियों का मौसम आते ही अवैध वेंडरों का कारोबार धड़ल्ले से शुरू हो जाता है, इन अवधि में स्कूल, कालेज की छुट्टीयां शुरू हो जाती हैं, ऐसे में अगर आप भी परिवार के साथ कहीं घूमने का कार्यक्रम बना रहे हों सावधान हो जायें।क्योंकि इन अवधि में अत्यधिक भीड़-भाड़ होने के कारण अवैध वेंडरों द्वारा खाने पीने की वस्तुएं, बोतल बंद पानी कहीं आप का स्वास्थ्य ना खराब कर दे, इसलिए यात्री स्वयं अपने खाने-पीने की वस्तुएं साथ लेकर चलें। अब अगर ये हाल इलाहाबाद जंक्शन का है, तो छोटे स्टेशनों का क्या हाल होगा। रेल समाचार ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार यह खाद्य पदार्थ तब बेचे जाते हैं, जब प्लेटफार्म पर किसी ट्रेन का आगमन होता है, यात्रिओं की भीड़-भाड़ को देखते हुए ये वेंडर रेलवे ट्रैक को पार कर के प्लेटफार्म पर चले आते हैं, और तभी कार्टूनों, बोरों, में प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर छोले, पूड़ी सब्जी, आदि खाने पीने की वस्तुओं को प्लेटफार्म पर सजा दिए जाते हैं ।

इसे खाकर स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा, रेल प्रशासन इस बात से अनभिज्ञ है। क्या इन वेंडरों को आरपीएफ, जीआरपी, रेल विभागों के अधिकारियों का भी डर नही है।

# नगदी रहित भुगतान को बढ़ावा देने हेतु ज़ोन के ६७ स्टेशनों में २१८ स्वाईप मशीन

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे द्वारा पारदर्शिता को बनाए रखने के उद्देशय से एवं रेलवे के विभिन्न विभागों मे सीधे नगदी से लेनदेन के स्थान पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से बैंकों के द्वारा सीधे खातों के द्वारा भुगतान को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि नगदी भुगतान से संबंधित किसी भी प्रकार की गडबाड़ियों को रोका जा सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कार्यरत आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के वेतनो एवं किसी भी प्राकर के भुगतान आदि को सीधे खातों मे हस्तांतरण कर दिया जा रहा है। इससे एक ओर भारी मात्रा मे रोकड़ के साथ वितरण में होने वाली परेशानियों से भी बचत हुई है, वहीं अनावश्यक रोकड़ की सुरक्षा में तैनात मानव शक्तियों की भी बचत की जा सकी है।अब यात्रियों द्वारा रेल टिकटों की खरीदी एवं बर्थो का रिजर्वेशन भी नगदी रहित करते हुए यात्रियों के खातो द्वारा ही डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड के ज़रिये किया जा रहा है। वर्तमान में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडलों के ६७ स्टेशनों में २१८ (POS) मशीन लगाये गए है, जिनसे क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से यात्री अपने रेल टिकटों का देय राशि का भुगतान कर रहे है।

# महाप्रबंधक की अध्यक्षता में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न

बिलासपुर। महाप्रबंधक सुनील सिंह सोइन की अध्यक्षता में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की ४८वीं बैठक दिनांक ११ अप्रैल, २०१८ को आयोजित की गई, इस बैठक में अपर महाप्रबंधक, सभी विभागों के विभाग प्रमुख व उनके प्रतिनिधि तथा मंडलों एवं कारखानों के वरिष्ठ अधिकारीगण राजभाषा प्रगति की चर्चा के लिए उपस्थित हुए। विधिवत बैठक प्रारम्भ करने के पूर्व मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री ए.एस.वानखेड़े द्वारा महाप्रबंधक महोदय का पुष्प भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री ए.एस.वानखेड़े ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि मुख्य राजभाषा अधिकारी बनने के पश्चात् यह मेरी पहली बैठक है, आशा है कि आप पूर्व की भांति राजभाषा के प्रचार प्रसार में सहयोग करते रहेंगे।हमारा क्षेत्र 'क' क्षेत्र में आता है, अतः इस क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने हेतु आप सभी अपना प्रयास सतत जारी रखेंगे, समय पर विभागों में आयोजित बैठकों में तथा निरीक्षण के दौरान राजभाषा हिंदी को एक मद के रूप में अवश्य शामिल करें। इस बैठक में महाप्रबंधक महोदय निर्देशानुसार संसदीय समिति के मदों को भी बैठक में शामिल किया गया है। मंडलों एवं कारखानों से भी आशा है वे पत्रिकाओं का प्रकाशन नियमित रूप से करते रहेंगे, सभी से अनुरोध है कि राजभाषा अधिनियम १९६३ की धारा ३ (३) के दस्तावेजों को हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में जारी करना अवश्य सुनिश्चित करें। इसके बाद महाप्रबंधक के कर कमलों से मुख्यालय की हिंदी पत्रिका 'प्रगति पथ' के १४वें अंक का विमोचन किया गया और श्री पी.के.बी.मेश्राम मुख्य सामग्री प्रबंधक (ईएंडजी) को रेलवे बोर्ड से प्राप्त रजत पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। आगे कार्यसूची की प्रस्तुति वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री विक्रम सिंह ने की तथा कमियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सभी सदस्यों से अधिकाधिक कार्य हिंदी में करने का अनुरोध किया। इसके बाद अपर महाप्रबंधक द्वारा यह कहा गया कि रजिस्टरों एवं फाइलों के शीघ्र द्विभाषी में अवश्य लिखें और निरीक्षण चेक लिस्ट का प्रयोग अवश्य करें। अंत में महाप्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में कहा कि हम हिंदी बोलने में जितनी आसानी महसूस करते हैं उतना लिखने में नहीं. इसका कारण यह है कि हम व्यवहारिक हिंदी का प्रयोग नहीं करते हैं। पश्चात् राजभाषा अधिकारी/रायपुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और बैठक समाप्ति की घोषणा की गई, कार्यक्रम को सफल बनाने में राजभाषा विभाग के सभी कर्मचारियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम संचालित कर लोगों को जागरूक किया जायेगा - सिद्धार्थ नाथ सिंह

लखनऊ। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री एवं शासकीय प्रवक्ता, श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने कहा कि महिलाओं के शोषण एवं उत्पीड़न की घटना को रोकने के साथ-साथ उनके प्रति सम्मान की भावना उत्पन्न करने हेतु एक सोशल अवेयरनेस कार्यक्रम संचालित किया जाना चाहिए। साथ ही स्कूलों में भी बच्चों को शिक्षा के माध्यम से जागरूक किया जाना चाहिए।


वह मीडिया द्वारा पूछे गये प्रश्नों पर अपना जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मामलों पर त्वरित कार्यवाही करने के लिये पुलिस प्रशासन को प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिससे वह पीड़िता के प्रति सहानुभूति रखें। श्री सिंह ने कहा कि परिवार के लोगों द्वारा युवाओं से भी पूछताछ की जानी चाहिए कि वे देर रात में कहाँ थे।

उन्होंने कहा कि माता-पिता अथवा परिवार के मुखिया द्वारा जिस प्रकार लड़कियों से पूछताछ की जाती है, वैसी ही पूछताछ लड़कों से भी की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यक्रम लागू किया जा रहा है, इसमें इसके लिये विशेष सामग्री को शामिल किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि आंकड़े बताते हैं कि इस प्रकार के मामलों में ८० प्रतिशत लोग परिवार के परिचित होते हैं, जिनके द्वारा ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जाता है, २० प्रतिशत लोग ही परिवार के बाहर के होते हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अपराध करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा कानून बनाकर कार्रवाई की जायेगी।

# EASTERN RAILWAY OBSERVED 63RD RAILWAY WEEK

Kolkata: Shri Harindra Rao, General Manager, Eastern Railway handed over the prestigious Overall Efficiency Cup to Asansol Division for outstanding performance while Sealdah Division bagged the Overall Efficiency Runners Up Cup on the occasion of 63rd Railway Week celebration, organised by Eastern Railway, at B C Roy Institute, Sealdah on 25th April, 2018. Howrah station won the Best Kept Station Cup, Safety Shield went to Howrah & Malda Division jointly, Security Shield was awarded to Asansol Division and Environment Management Shield to Liluah Workshop & Sealdah Division jointly. Apart from this, 28 Shields and Cups were presented by Shri Harindra Rao, General Manager, Eastern Railway, Suchitto Kumar Das, AGM and Shri Sanjiv Agarwal, Senior Dy. General Manager to different departments of Eastern Railway. Apart from those shields and cups, individual medals and cash awards were handed over to the selected band of staff & officers for their dedicated and outstanding performance during the year 2017-18. Moreover, staff of eight (8) departments of ER including Electrical, Engineering, Mechanical, Operating, Personnel, S&T, Security and General Administration were given Group Awards.



Speaking on the occasion, Harindra Rao, GM, ER said that during 2017-18, Eastern Railway was able to load 62.12 MT of goods which was 3.17% more than that of the last year. This is the best ever loading performance of ER. Eastern Railway earned 4933 crores during 2017-18 from freight traffic which was 5.72% more than that of the previous year. Moreover, during 2017-18, Eastern Railway carried 122 crores of passengers and earned 2671.54 crores in comparison to 118 crores of passengers carried and 2579 crores earned during the last year. Shri Rao said that Eastern Railway has put an additional thrust on cleanliness drive all over its jurisdiction in the line of Swachh Bharat Mission of Government of India. The Railway has also taken initiatives to tap solar energy in a bigway at various installations. Solar panels have been provided at different level crossing gates. To ensure safety, ER eliminated all the unmanned level crossings in its system. Security of the passen-gers is an important area of ER concern. As many as 338 trains of Eastern Railway were being escorted by RPF personnel every day. RPF, Eastern Railway has already launched security helpline no. 182 for security of passengers during the time of exigencies. Shri Rao further added that Eastern Railway has taken a number of steps for enhancing passenger amenities at stations and on trains. These include SMS/ Web based on Board House-keeping System, Monitoring System, Launching of Paper-less Un-Reserved Ticketing through Smart Phones and installation of Point of Sale (POS) machines at different PRS and UTS counters. Shri Rao also pointed out that the introduction of Kolkata–Khulna Bandhan Express from International Passenger Terminal, Kolkata, completion of 30 years of PRS in Eastern Zone and completion of 60 years of EMU services are among the remarkable achievements of ER during 2017-18. He also said that since human resource is its asset, Eastern Railway is committed to create better working environment and introduced multifaceted staff welfare measures for the benefit of the employees.This is to mention that, six nos. of Eastern Railway's officers & employees have been awarded in recently concluded 63rd National Railway Week Celebrations at Bhopal for their remarkable performance. Smt. Bimala Rao, President, ERWWO, DRMs of Sealdah, Howrah, Asansol and Malda and all the Principal Heads of Departments graced the occasion.

## वाटर वेंडिग मशीनो पर अब कागज की गिलास

इलाहाबाद। भीषण गर्मी को देखते हुए रेल यात्रियों को सफर के दौरान ठंडा पानी उपलब्ध कराने हेतु रेलवे स्टेशनों पर वाटर वेंडिंग मशीन लगाने का काम तेजी से चल रहा है, जहाँ वाटर वेंडिंग मशीन लग चुके हैं वहां अभी तक प्लास्टिक के गिलास उपलब्ध थे लेकिन अब पर्यावरण के नजरिया से इसको पुरी तरह प्रतिबंधित किया जा रहा है।

आइआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अश्वनी श्रीवास्तव का कहना है कि वाटर वेंडिंग मशीनो पर कागज का गिलास ही उपलब्ध हो इसके लिए सप्लाई भी बड़ाई जायेगी।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

## नौचंदी,सरयू,गंगा गोमती और इलाहाबाद जौनपुर पैसेंजर ट्रेने अब प्रयागघाट स्टेशन से

### कुंभ से पहले ही रेल यात्रियों को सौगात

इलाहाबाद। कुंभ मेले के दौरान इलाहाबाद जंक्शन पर रेल यात्रियों के अतिरिक्त दबाव को देखते हुए अध्यक्ष रेलवे बोर्ड अश्वनी लोहानी ने शनिवार दिनांक: १२-०५-२०१८, को एक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नौचंदी,सरयू,गंगा गोमती और इलाहाबाद जौनपुर पैसेंजर एक्सप्रेस को प्रयागघाट स्टेशन से चलाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। लम्बे समय से रेल यात्रियों द्वारा इसकी मांग की जा रही थी। अगले वर्ष लगने वाले कुंभ के मद्देनजर प्रयागघाट स्टेशन का निर्माण कार्य जोरों पर है, मेले में आये हुए श्रद्धालुओं को असुविधा ना हो इसके लिए रेल मंत्रालय ने इन चार रेल गाड़ियों को वहां से चलाने का निर्णय लिया।

## अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस का दौरई तक विस्तार

नई दिल्ली। रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिनांक ०१.०६.२०१८ से रेलगाड़ी संख्या १२०१५/१२०१६ नई दिल्ली-अजमेर-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी को दौरई तक विस्तार करने का फैसला किया है। दिनांक ०१.०६.२०१८ से १२०१५ नई दिल्ली-अजमेर शताब्दी एक्सप्रेस रेलगाड़ी दोपहर १२.४५ बजे अजमेर पहुंचेगी और वहां से १२.५५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन दोपहर ०१.१० बजे दौरई पहुंचेगी।

वापसी की दिशा में, १२०१६ दौरई-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस सांय ०३.१५ बजे दौरई से प्रस्थान करेगी और उसी दिन सांय ०३.३० बजे अजमेर पहुंचेगी। अजमेर से सांय ०३.४५ बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि १०.४० बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

## Ghan Shyam Singh, Member Traction, Railway Board visits SCR

Secunderabad : Shri Ghan Shyam Singh, Member Traction, Railway Board, New Delhi conducted the trial run of Train Collision Avoidance System (TCAS) on Lingampalli–Vikarabad section. Later, he participated in the review meeting held on 7th April, 2018 at Rail Nilayam, Secunderabad. Shri Ghan Shyam Singh speaking at review meeting complemented South Central Railway for showing excellence in all the spheres of activity during the financial year 2017-18. He appreciated the efforts of South Central Railway in achieving a record 608 kilometers of electrification, which is highest on Indian Railways. He stated that Electric Traction is going to change the train operations and the future of Indian Railways. Electric Traction will lower the fuel bill of Indian Railways which is swelling with the higher Diesel prices. The synergy extended by the South Central Railway in the sphere of Electric Traction has



become a hallenge for others. Speaking on the occasion, Shri Vinod Kumar Yadav, General Manager stated that South Central Railway is committed to improve the operational convenience with the electrification of traction in a phased manner. He expressed satisfaction for the accomplishments of SCR during FY 2017-18 and stated that ambitious plans are ahead for the current financial year in the sector of infrastructure development. Shri Ghan Shyam Singh along with Shri Vinod Kumar Yadav, General Manager, South Central Railway inaugurated and inspected the 'Other End Maintenance' (OEM) siding at Lingampalli Station Yard. OEM siding is recently developed to facilitate maintenance of the long distance express trains extended up to Lingampalli. Later, he inspected the Route Relay working at Shankarpalli Station. He conducted various demonstrations of TCAS system like Loop line speed control test, Trip mode Visit, Delay Clearance, starter signal override, Signal Passing At Danger prevention testing etc between Lingampalli–Vikarabad stations. Shri John Thomas, Additional General Manager; and other PHODs were amongst the officials present during the meeting. Divisional Railway Managers of Secunderabad and Hyderabad Divisions attended the meeting.

*ट्रेन की छ्त, पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें जिससे जान व माल की हानि हो ।*

# उत्तर रेलवे द्वारा भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीम राव अम्बेडकर के जन्म दिवस पर समारोह सम्पन्न



नई दिल्ली। उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बडौदा हाउस, नई दिल्ली में दिनांक १६.०४.२०१८ को भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीम राव अम्बेडकर जी के १२७वें जन्म दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह अपर महाप्रबन्धक श्रीमती मंजू गुप्ता, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, श्री अंगराज मोहन, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भाग लिया। समारोह की शुरूआत, अपर महाप्रबन्धक, उत्तर रेलवे, श्रीमती मंजू गुप्ता द्वारा, द्वीप प्रज्जवलित करके की गई। समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुष्पाजंलि अर्पित की। अपर महाप्रबन्धक ने बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि हमें बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी के विचारों पर अमल करना चाहिए तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वाह करना चाहिए। यही बाबा साहेब को हमारी सच्ची पुष्पाजंलि होगी।

**हिन्दी भाषा रेल की भाषा**
**हिन्दी भाषा देश की भाषा**

**हमारे ग्राहक**

"हमारे पास आने वाला हर ग्राहक एक महत्वपूर्ण अभ्यागत है। वह हम पर निर्भर नहीं है, बल्कि हम उस पर निर्भर हैं। वह हमारे काम में बाधक नहीं, साधक है। वह हमारी कार्य-सीमा से विलग नहीं है, बल्कि उसका ही अंग है। हम उसकी सेवा करके उस पर उपकार नहीं करते वरन् वह हमें सेवा का अवसर प्रदान कर हमें अनुग्रहीत करता है। ग्राहक से तर्क करना उचित नहीं है। उससे तर्क करके अभी तक किसी को सफलता नहीं मिली।"


महात्मा गांधी

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के स्टेशनों के स्टालों पर अब शिशु आहार की सुविधा

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा व मांग को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर जोन के ५८ रेलवे स्टेशनों में खान-पान के १८५ स्टालों पर शिशु आहार की उपलब्धता कराई गई है। ताकि बिल्कुल छोटे बच्चे, दुधमुंहे बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवार को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्हे आवश्यकतानुसार सभी प्रकार के ब्रांडेड के शिशु आहार स्टेशनों में ही उपलब्ध हो सके। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल के अन्तगर्त आने वाले ए-१, ए एवं बी श्रेणी के स्टेशनों के खान-पान स्टालों में बेबीफुड,शिशुआहार,की उपलब्धता अनिवार्य कर दी गयी है एवं निर्देश दिये गये है कि हमेशा शिशु आहार उपरोक्त श्रेणी के स्टेशनों के स्टालों पर उपलब्ध हो। साधारण शिशु आहार में अमूल जैसे ब्राडेड कंपनियों के दूध व अन्य प्रोडक्ट जैसे अमूल दूध, सेरेलेक जैसे अन्य प्रोडक्ट गरमपानी, गर्म ताजे दूध हमेशा उपलब्ध हो सके इसकी अनिवार्यता के निर्देश दिये गये है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्तर्गत तीनों रेल मंडलो में शिशु आहार की सुविधा दी गयी है। बिलासपुर रेल मंडल में २१ रेलवे स्टेशनों पर ८६ स्टॉल, रायपुर रेल मंडल में ५ रेलवे स्टेशनों पर ४७ स्टॉल एवं नागपुर रेल मंडल ३२ रेलवे स्टेशनों में ४६ स्टॉल सहित सम्पूर्ण दक्षिण पूर्व रेलवे में ५८ रेलवे स्टेशनों में १८५ स्टॉलों की सुविधा प्रदान की गयी है। महत्वपूर्ण ५८ रेलवे स्टेशनों पर इस प्रकार की शिशु आहार ताजे क्वालिटी भी हमेशा रेल यात्रियों के लिये उपलब्ध रहेगी, जिससे रेल यात्री जरूरत पड़ने पर उपयोग में ले सकते है।

# संरक्षा से खिलवाड़, पहले अधिकारियों के घर का कार्य

## सबसे पहले उत्तर रेलवे ने उठाया सख्त कदम



नई दिल्ली। ट्रैकमैन, रेलवे ट्रैक की मरम्मत, रखरखाव एवं रेल की सम्पत्तियों की निगरानी करने वाले कर्मचारी होते हैं, जो संरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, वे अब अधिकारियों के घर पर काम करने को मजबूर हैं।


पिछले दिनों एक निजी चैनल ने सभी क्षेत्रीय रेलों में ऐसे अधिकारियों का खुलासा किया, यह इस बात का सबूत है कि इन अधिकारियों को रेल यात्रियों की कितनी फिक्र है।

इस खबर पर सबसे पहले कार्यवाही करते हुए उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे ने इन अधिकारियों को चिन्हित कर के निलंबित करने का आदेश दिया है,उन्होंने कहा की उन अधिकारियों को साक्ष्यों और सम्बंधित दस्तावेजों के आधार पर आगे अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। बतादें की चैंनल के माध्यम से ट्रैकमैनों ने बताया था की, कार्यालय में हाजिरी के उपरान्त वो रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के घर कार्य करने चले जाते हैं।

रेल मंत्रालय के एक सूत्र के अनुसार सभी क्षेत्रीय रेलों में ऐसे अधिकारियों के पहचान के बाद उन पर कार्यवाही की जायेगी।

# मंडल रेल प्रबंधक, इलाहाबाद, अमिताभ ने किया पदभार ग्रहण

इलाहाबाद। इलाहाबाद मंडल के नये मंडल रेल प्रबंधक, अमिताभ ने दिनांक १८.०४.२०१८ को अपना पदभार ग्रहण कर लिया,पूर्व में ये उत्तर रेलवे, बडौदा हाउस में मुख्य यांत्रिक इंजी. (योजना) के पद पर कार्यरत थे, मूल रूप से इलाहाबाद के रहने वाले, श्री अमिताभ की शिक्षा दीक्षा इलाहाबाद में हुई, यह भारतीय रेल मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के १९८७ बैच के अधिकारी हैं एवँ मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज इलाहाबाद से १९८६ में बी.ई. मेकैनिकल इंजीनियरिंग तथा १९८८ में मास्टर डिग्री प्राप्त किया है। इनको विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव प्राप्त है, जैसे १९९१ से १९९३ तक।




AME (C&W) इलाहाबाद, १९९३ से १९९५ तक DME (Power) बीकानेर,१९९५ से १९९६ तक DME(OP) दिल्ली, १९९६ से २००३ तक Dy-CME, व Sr-DME के पद पर दिल्ली में कार्यरत रहे, २००४ से २००६ तक डाइरेक्टर सेफ्टी रेलवे बोर्ड के पद पर, २००६ से २०११ तक अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) दिल्ली के पद पर, २०११ से २०१२ तक सेक्रेटरी, हाई लेवल रिव्यू कमेटी रेलवे बोर्ड, २०१२ से २०१३ तक CPM (J&K), २०१३ से २०१४ तक CRSE (Coaching) उत्तर रेलवे मुख्यालय नई दिल्ली, २०१४ से २०१७ तक मुख्य यांत्रिक इंजीनियर रेल व्हील प्लांट, बेला तथा ३१ जुलाई २०१७ से १७ अप्रैल २०१८ तक मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (योजना) के पद पर उत्तर रेलवे बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में कर्यरत रहे।

आपने अध्ययन, प्रशिक्षण, कांफ्रेंस एवं वर्कशाप के लिए विदेश यात्रा भी किया है जैसे कि अमेरिका, यु.के ,कनाडा, आयरलैंड, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, इटली, इजराइल। इलाहाबाद मंडल के निवर्तमान मंडल रेल प्रबंधक संजय कुमार पंकज का स्थानान्तरण वरिष्ठ उप महाप्रबंधक, मध्य रेलवे के पद पर हो जाने के कारण अधिकारियों, एवं कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

**ट्रेन की छत,पायदान या कपलिंग पर बैठकर यात्रा कभी ना करें जिससे जान व माल की हानि हो**

# SER CELEBRATES 63rd RAILWAY WEEK

Kolkata: South Eastern Railway celebrated the 63rd Railway Week Award Function at Rabindra Sadan, Kolkata on 19.4.2018 with great enthusiasm and gaiety. Sri S.N.Agrawal, General Manager, South Eastern Railway graced the occasion as Chief Guest while Shri Anirban Datta, Addl.General Manager/SER along with Principal Head of Departments attended the function. Divisional Railway Manager of Kharagpur, Adra, Chakradharpur & Ranchi and the representatives of different Associations including a large number of staff and officers were also present on the occasion. As many as 100 selected railway staff & officers were felicitated with Merit Certificates, Cash Awards and Efficiency Badges in recognition of their outstanding services and devotion to duty during the year 2017-18.The Overall Efficiency Shield was awarded to Chakradharpur Division for the best all round performance.Kharagpur, Adra and Ranchi divisions also received other category of shields for their outstanding performance. Bokaro Steel City Station of Adra Division has been adjudged as the Best Kept Station. Sri S N Agrawal, GM complimented the railway men for their utmost efforts to achieve this commendable perfor-mance. He appealed to the employees to make all out efforts to achieve the satisfaction of passengers and freight customers & advised them to be extremely cautious in matters relating to safety and security of passengers. Sri Agrawal stated that South Eastern Railway has made a mark in revenue earning freight loading. South Eastern Railway during the financial year 2017-18 has loaded 150. 76 million tonnes of freight which is 2.05% more than the last year (2016-17). GM also added that as a result of this record freight loading, S.E.Rly. generated freight earnings of Rs 12007. 35 crores in 2017-18 which is 10.16% more than the previous financial year. In the Passenger sector, SER earned Rs 1568 . 56 crores in 2017-18 as against Rs. 1501.60 crores earned from passenger traffic in 2016-17, achieving a growth of 4.46%. SER generated a surplus of Rs 6456.20 crores in 2017-18.Sri S. N. Agrawal stated that this level of operational efficiency and financial prudence has resulted in an improved operating ratio of 75.92%. GM/South Eastern Railway added that in 2017-18 SER has achieved 95.66% punctuality in mail/express trains which is second highest in Indian Railways.This apart GM spoke about timely completion of railway projects, elimination of unmanned level crossings and safety & security of passengers which got paramount importance. SER's sports performance, welfare activities, cleanliness both at stations and in trains, various passenger friendly initiatives etc. were highlighted in the address of the General Manager. A colourful cultural programme was also organised by the cultural team of Divisions & Headquarters of SER on this occasion.



*All power is within you*
*You can do anything*
*and everything*
(Swami Vivekananda)

## बिजली चोरी रोकने को अभियान छह माह तक

लखनऊ।उत्तर प्रदेश में बिजली चोरी रोकने को अब छह माह तक अभियान चलेगा, इस बाबत मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों को भेजे गए एक निर्देश में कहा है।मुख्य सचिव ने कहा है कि इस अभियान के दौरान विधुत निगमों को पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल उपलब्ध कराया जाएगा,उन्होंने कहा कि इस अभियान में पुलिस, प्रवर्तन दल की एवं जिला प्रशासन की टीमें हिस्सा लेंगी,जो इलाके संवेदनशील हैं वहां मजिस्ट्रेट की भी तैनाती की जायेगी और बिजली की चोरी पाये जाने पर थानों में मुकदमा भी दर्ज होगा।

## कार्यों की गति को रफ्तार देने का निर्देश

इलाहाबाद। अगले साल लगने वाले कुम्भ के कार्यों को रफ्तार देने के लिए नगर आयुक्त हरिकेश चौरसिया ने सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया, एवं धीमी प्रगति मिलने पर तेजी लाने का निर्देश भी दिया। नगर आयुक्त ने कसारी-मसारी, नूरुल्ला रोड, यमुना बैंक रोड, अल्लापुर स्थित एम.एल.कांवेंट के बगल, जवाहर लाल नेहरु रोड एवं प्रयाग रेलवे स्टेशन के दोनों साइड ड्रेनेज निर्माण का भी जायजा लिया, एवं मजदूरों की कमी के कारण प्रगति धीमी होने पर सम्बंधित ठेकेदार को भी चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता ए.के.मौर्या एवं आशीष त्रिवेदी मौजूद रहे।

## वास्तविक प्रदर्शनियों का संग्रह "राष्ट्रीय रेल संग्रहालय" का आनन्द अब शाम को भी




नई दिल्ली। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय आगंतुकों के लिए अब शाम में भी खुला रहेगा। संग्रहालय सप्ताह के अंतिम दिन आगंतुकों के लिए विस्तारित समय शाम ०६ बजे से रात्रि ०६ बजे तक खुला रहेगा। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय दिल्ली एनसीआर में पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है। चाणक्यपुरी डिप्लोमेटिक एन्क्लेव में ११ एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला राष्ट्रीय रेल संग्रहालय रेलवे की पुरानी यादों को ताजा करता है। इसमें रेलवे के पुराने दिनों के ७५ से अधिक वास्तविक प्रदर्शनियों का संग्रह है। आगंतुक इंडोर गैलरी, संगीत फव्वारा और प्रदर्शनियों की बहुरंगी प्रकाश व्यवस्था का आनंद लेंगे।प्रवेश द्वार, ट्वाय ट्रेन स्टेशन तथा आसपास के क्षेत्र को विशेष रोशनी से सजाया गया है। इसके अतिरिक्त रेल्स रेस्तरां में बुफे डिनर में स्वादिष्ट व्यंजन उपलब्ध होंगे। इस रेस्तरां की डिजाइन सीएसएमटी मुम्बई के विश्व विरासत भवन के केन्द्रीय गुंबद की प्रतिकृति रूप में है। इसे पूर्ववर्ती राज्य रेलवे के चिन्हों के साथ सजाया गया है।रेल मंत्री पीयूष गोयल ने रेलवे संग्रहालय देखने आने वाले आगंतुकों की सुविधा के लिए संग्रहालय को शाम में भी खोलने का निर्देश दिया था। इसी के अनुसार विस्तृत प्रबंध किये गये। पिछले महीने रेल बोर्ड के अध्यक्ष ने घोषणा की थी कि संग्रहालय आगंतुकों के लिए मई, २०१८ से खोला जाएगा। हाल में राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के आगंतुकों के लिए ३० प्रतिशत डिस्काउंट के साथ काम्बो टिकट(डायमंड और गोल्ड)प्रारंभ किया गया है। यह आगंतुकों में काफी लोकप्रिय हो गया है। राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के व्यापक नवीकरण का कार्य २०१५ में शुरु किया गया था। इसकी अनेक नई विशेषताएं आभासी कोच सिमुलेटर, डीजल और भाप इंजन सिमुलेटर तथा नई इंडोर गैलरी बाद में शामिल की गई।

## बेहतरीन चित्रकारिता एवं स्वच्छता के प्रोत्साहन हेतु मध्य रेलवे (नागपुर मंडल) को प्रथम पुरस्कार

नई दिल्ली। बेहतरीन चित्रकारिता एवँ स्वच्छता के प्रोत्साहन हेतु मध्य रेलवे (नागपुर मंडल) को रेल मंत्रालय द्वारा प्रथम पुरस्कार दिया गया। स जनात्मकता के साथ स्वच्छता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेल मंत्रालय ने सौन्दर्यीकृत किये गये स्टेशनों के लिए सभी क्षेत्रीय रेलवे से नामांकन आमंत्रित किया था।

कार्यकारी निदेशक (स्टेशन विकास), दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्य वाणिज्य प्रबंधक (सिस्टम), कार्यकारी निदेशक (पर्यटन) तथा नोर्थ ईस्ट फ्रंटीयर रेलवे के एक अधिकारी वाली मूल्यांकन समिति ने ११ क्षेत्रीय रेलवे से प्राप्त ६२ प्रविष्टियों की समीक्षा की। भारतीय रेल में सबसे सुन्दर स्टेशन के रूप में श्रेष्ठ कला को दिखाने के लिए मध्य रेलवे के बल्हारशाह तथा चन्द्रपुर स्टेशनों (नागपुर मंडल) को प्रथम पुरस्कार दिया गया है। बल्हारशाह और चन्द्रपुर रेलवे स्टेशनों को तादोबा वन की पेंटिंग और मूर्तिकला से सुसज्जित किया गया था। यात्रियों ने इसका स्वागत किया और उन्हें स्टेशन में ही तादोबा.वन की वन्य जीव सुन्दरता का अहसास हुआ। दोनों स्टेशनों को पुरस्कार राशि के रूप में १० लाख रूपये दिये गये हैं।

बिहार में पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले मधुबनी रेलवे स्टेशनों को मदुरै रेलवे स्टेशन (दक्षिण रेलवे) के साथ दूसरे स्थान पर घोषित किया गया है।

# रेल राज्य मंत्री राजेन गोहेन द्वारा दुर्ग - फिरोजपुर अन्त्योदय एक्सप्रेस का उद्घाटन

## छत्तीसगढ़ के लोग होंगे अत्यधिक लाभांन्वित-डा. रमन सिंह



रायपुर। रेल राज्य मंत्री राजेन गोहेन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने एक नई साप्ताहिक ट्रेन,संख्या २२८६५/२२८६६ दुर्ग - फिरोजपुर अन्त्योदय एक्सप्रेस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में राजेन गोहेन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप समाज के सभी वर्गो के लिए सुविधाओं से युक्त यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अन्त्योदय एक्सप्रेस को लांच किया गया है।यह ट्रेन और देश के विभिन्न हिस्सों में चल रही अन्य अन्त्योदय ट्रेनों में रियायती दर पर सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि रेल ऐसी कई परियोजनाओं पर कार्य कर रही हैं जो समाज के सभी वर्गो का ख्याल रखेंगी। इस अवसर पर डा. रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग इस नए अन्त्योदय ट्रेन से अत्यधिक लाभांन्वित होंगे। भारतीय रेल और राज्य सरकार पीपीपी मोड के माध्यम से अवसंरचना निर्माण पर तेजी से कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ के प्रमुख स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अन्त्योदय एक्सप्रेस की विशेषताएं-

१. ट्रेन में एलएचबी कोच लगे हैं जो अधिक सुरक्षित हैं तथा इसके आंतरिक भाग अधिक सुसज्जित हैं। २. बेहतर दिखने के लिए बाहरी हिस्से पर विनायल कोटिंग। ३. सीटें और बर्थ अधिक आरामदायक। ४. एलईडी लाईट्स और मोबाइल चार्ज करने की सुविधा। ५. पेय जल के लिए वाटर प्यूरीफायर। ६. शौचालय का माडयूलर डिजाइन, बायो शौचालय की व्यवस्था।

**कम सामान**
**अधिक आराम**

# शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर सुविधाजनक पहुंच के लिए एक दूसरा सार्वजनिक प्रवेश द्वार खोला है। रेलवे स्टेशनों पर प्रदान की जा रही यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता के क्रम में मौजूदा फुट ओवर ब्रिज के ऊपर एक नया कवर शेड बनाया गया है।

श्रीमती कृष्णा राज, कृषि और किसान कल्याण राज्यमंत्री, भारत सरकार ने इन सुविधाओं का लोकार्पण दिनांक ०६.०५.२०१८ को शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में किया। इस अवसर पर ऐ.के. सिंघल, मंडल रेल प्रबंधक, मुरादाबाद मंडल तथा मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं रेल यात्री भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को सम्बोधित करते हुए श्रीमती राज ने आश्वासन दिया की शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर समय के साथ और अधिक यात्री सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा तथा कुछ और अधिक ट्रेनों के ठहराव की मांग भी की जायेगी।

# अध्यक्ष रेलवे बोर्ड द्वारा दिल्ली रेलवे स्टेशन का निरीक्षण

## विकास कार्यो को शीघ्र पूरा करने को दिए आवश्यक निर्देश

नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी लोहानी ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे के साथ दिल्ली जंक्शन (पुरानी दिल्ली) रेलवे स्टेशन का गहन निरीक्षण करते समय यहां की यात्री सुविधाओं संरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। दिल्ली मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ ने दिल्ली जंक्शन स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो की स्थिति का विवरण प्रस्तुत किया। अध्यक्ष रेलवे बोर्ड ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यहां जारी विकास कार्यो को तीव्रता से पूरा करने के व्यापक निर्देश दिए ताकि रेल यात्रियों को यात्रा का और सुखद अनुभव मिले। उन्होंने स्टेशन भवन के मुख्य अग्रभाग का बड़ी गहराई से विश्लेषण करते हुए निर्देश दिए की स्टेशन भवन के मूल स्वरूप की विरासत हर कीमत पर सहेज कर रखी जाए ताकि यह अपनी मौलिकता बिल्कुल ना खोये। इस संबंध में उन्होंने नवीनीकरण की प्रस्तावित कार्य योजना में कुछ बदलाव के सुझाव दिए। प्लेटफार्म संख्या-१६ पर एक टूटी वेंडिंग ट्राली देखकर उन्होंने अपनी अप्रसन्नता व्यक्त की तथा




तीव्रता से पूरा करने के व्यापक निर्देश दिए और यह भी कहा कि परिसंचारी क्षेत्र बिल्कुल बाधारहित होना चाहिए प्लेटफार्म के सभी वेंडिंग स्टाल दिखने में सुंदर और बेहतर लगे इसके लिए उन्होंने कहा कि सभी स्टाल एकरूप होने चाहिए।उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक विश्वेश चौबे ने लोहानी को जानकारी दी कि पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के सुगम आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु इसके आसपास की भीड़-भाड़ और अवरोधों को समाप्त करने के लिए उत्तर रेलवे द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं। चौबे ने जानकारी दी कि इस विषय में उनकी स्थानीय और अन्यसंबंधित अधिकारियों से अनेक बैठकें हुई हैं। उन्होंने दिल्ली के माननीय उपराज्यपाल के साथ हुई बैठक का विशेष उल्लेख किया। लोहानी ने कहा कि इस प्रकार के प्रयास उनके अंतिम समाधान तक सतत् जारी रहने चाहिए। साथ ही उन्होंने यहां की साफ सफाई तथा स्वच्छता का निरंतर ध्यान रखने के निर्देश दिए। लोहानी ने कहा अपने कर्मचारियों के हित का ध्यान रखना हमारा प्रमुख दायित्व है। उन्होंने निर्देश जारी किए कि लोकोमोटिव ड्राइवर्स रनिंग रूम वातानुकूलित होना चाहिए ताकि ग्रीष्मकाल में लोको पायलट को समुचित आराम मिले वह रेल-गाड़ियों के परिचालन की ड्यूटी संभालने से पहले तरोताजा अनुभव करें। तत्पश्चात उन्होंने रिटायरिंग रूम तथा प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि इस समय चल रहे उन्नयन कार्यो को अति शीघ्र पूरा किया जाए उन्होंने यात्रियों से भी बातचीत की तथा उनकी शिकायतें सुनी। उन्होंने स्टेशन पर स्थित सीसीटीवी निगरानी कक्ष का निरीक्षण भी किया। उन्होंने प्लेटफार्म तथा स्टेशन की रियल टाइम वीडियो फीड तथा क्राइम इन्वेस्टीगेशन का अवलोकन किया और कहा कि यहां हाई क्वालिटी वीडियो कैमरे और लगाए जाने चाहिए। तत्काल निर्णय ले लेने के अपने स्वभाव के लिए प्रसिद्ध लोहानी ने उसी समय रेलवे बोर्ड में संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि इस कार्य के लिए तत्काल पर्याप्त धनराशि निधि की व्यवस्था की जाए।

# दक्षिण पश्चिम रेलवे को मिली परिचालन से संबद्ध सुरक्षा शील्ड



नई दिल्ली। भोपाल में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह में वर्ष २०१७-१८ के दौरान दक्षिण पश्चिम रेलवे ने ट्रेनों के संचालन से संबद्ध सुरक्षा के प्रमुख क्षेत्रों में सभी मंडलीय रेलवे के बीच सर्वश्रेष्ठ आंकड़े और जबरदस्त सुधार दर्ज किया। बेहतर सुरक्षा के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे के प्रयासों को मान्यता देते हुए रेल और कोयला मंत्री पीयूष गोयल ने वार्षिक पुरस्कार समारोह में दक्षिण पश्चिम रेलवे को २०१७-१८ के लिए रेल मंत्री की सुरक्षा शील्ड प्रदान की। दक्षिण पश्चिम रेलवे में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आई है। २०१४ में इस मंडल में ११, २०१५-१६ में ८, २०१६-१७ में ३ और २०१७-१८ में १ दुर्घटना हुई। दक्षिण पश्चिम के महाप्रबंधक ए.के. गुप्ता ने कहा, सुरक्षा हमारी प्रथम और सर्वोच्च प्राथमिकता है। दक्षिण पश्चिम रेलवे के ट्रेन परिचालन से जुड़े सभी कर्मचारियों की सामूहिक इच्छा शक्ति, कठोर और निरंतर प्रयासों से सुरक्षा में सुधार हुआ है।




# समाज के विकास में विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर तकनीकी विशेषताओं से सुसज्जित एक 'विज्ञान बस' का उद्घाटन किया। यह बस आई०आई०टी०, कानपुर तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद का संयुक्त प्रयास है। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह विज्ञान बस विद्यार्थियों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाएगी। विज्ञान बस के माध्यम से प्रदेश के ग्रामीण और पिछड़े अंचलों के विद्यार्थी भी सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धान्तों को आसानी से समझ सकेंगे। यह बस विभिन्न स्कूलों में २ से ३ दिन लगातार उपलब्ध रहेगी, जिससे विद्यार्थियों को समुचित तकनीकी ज्ञान प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि विज्ञान अंधविश्वास को दूर करने का एक प्रभावी माध्यम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के विकास में विज्ञान का महत्वपूर्ण योगदान है। राज्य सरकार का यह प्रयास है कि विद्यार्थियों में विज्ञान की मौलिक समझ, इस प्रकार से विकसित की जाये जिससे कि वे अपने प्रयोगों का लाभ देश और प्रदेश को दे सकें। इस बस में वैज्ञानिक प्रयोगों से जुड़े लगभग ३०० विडियोज भी उपलब्ध हैं। इस अवसर पर अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त अनूप चन्द्र पाण्डेय, प्रमुख सचिव सूचना अवनीश कुमार अवस्थी, आई०आई०टी० कानपुर के वैज्ञानिक व छात्र मौजूद थे।

# आजाद पार्क में टिकट शुल्क हो बंद

इलाहाबाद। जिला प्रशासन से मांग कर राष्ट्रीय आजाद हिन्द सेवा समिति के अध्यक्ष गोपाल स्वरूप चतुर्वेदी ने कहा है कि आजाद पार्क में टिकट शुल्क बंद किया जाय, नहीं तो शीघ्र ही आमजन के साथ अनशन किया जाएगा।

# मातहत कर्मचारियों से भाषा की मर्यादा ना भूलें अधिकारी

## अध्यक्ष रेलवे बोर्ड लोहानी का फरमान



नई दिल्ली। अब अपने अधिनस्थों से रेल अधिकारी सलिखे से पेश आये, रेल मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार अश्वनी लोहानी, अध्यक्ष रेलवे बोर्ड इस सम्बन्ध में दिशा-निर्देश जारी कर दिए है। इस बारे में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुआ कहा की वह अपने नीचे कार्यरत कर्मचारियों से ऐसी भाषा का प्रयोग ना करें, जिससे वह अपमानित महसूस करें।लोहानी ने कहा की रेल परिवार को एवं संगठन को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह अहम है कि अधिकारी अपने अधीनस्थों से आप का संबोधन कर बात करें, इससे उनके अंदर ऊर्जा का संचार होगा, जिससे रेल संगठन और भी मजबूत होगा।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**




# अनुवाद सरलीकरण कार्यशाला का आयोजन

सिकंदराबाद। दक्षिण मध्य रेलवे के प्रधान कार्यालय में दिनांक २७.०४.२०१८ को इस रेलवे के सभी अनुवादकों के लिए अनुवाद सरलीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में और प्रधान कार्यालय, मंडलों, कारखानों और यूनिटों के राजभाषा अधिकारी और अनुवादक प्रशिक्षार्थी के रूप में उपस्थित थे, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपने संबोधन में बताया कि हर विभाग के कर्मचारियों को अपने अपने विभाग के कार्यालीन कार्य में निपुण और कुशल बनाने के लिए नियमित रूप से कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना अपेक्षित है तथा इसमे उन्हें अपने कार्य से जुड़े विषयों की अद्यतन और विस्तृत जानकारी दी जानी चाहिए।

इस कार्यशाला में उप महाप्रबंधक (राजभाषा) ड़ा.श्याम सुन्दर साहू ने अनुवाद तथा उसके सरलीकरण विषय पर व्याख्यान दिया तथा अनुवाद का अभ्यास कराया। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि अनुवाद सरल होना चाहिए ताकि सामान्य जनता के समझ में आसानी से आ सके।

# रेलवे चिकित्सालय में योग शिविर का आयोजन

जबलपुर। रेलवे चिकित्सालय के गार्डन में सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान की जबलपुर शाखा द्वारा निःशुल्क योग शिविर का आयोजन दिनांक २२.४.२०१८ रविवार को प्रातः मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जबलपुर के सौजन्य से किया गया। इसमें रेल कर्मचारियों एवं परिजनों के साथ मरीजों को योग का प्रशिक्षण दिया गया, साथ ही वैदिक मंत्रोचारण के साथ ध्यान भी कराया गया। इस शिविर में मधुमेह, रक्तचाप, थॉयराइड के साथ विभिन्न प्रकार के दर्द से निजात पाने के लिए कई प्रकार के आसनो को सिखाया गया। मुख्य योग प्रशिक्षक जयराम सिंह, मुख्य फार्मासिस्ट ने लोगों को बताया कि खासकर मधुमेह के मरीजो के लिए योगासन अत्यंत ही लाभदायक है।मधुमेह संबंधित कई दवाईयों का प्रभाव योगासन करने से उचित रुप से होता है। साथ ही आज के भौतिक-परिवेश एवं तनावपूर्ण जीवन को सुव्यवस्थित रखने के लिए ध्यान एक प्रकार का टॉनिक है। दिन रात के २४ घंटे में हम सभी अपने शरीर की आरोग्यता के अलावा प्रत्येक कार्य के लिए समय देते हैं परन्तु अपने शरीर की निरोग्यता के लिए समय का अभाव दिखाते हैं जबकि पहला सुख निरोगी काया ही है। इस कार्यक्रम के आयोजन में सीएमएस डॉ.(श्रीमति) एन वर्मा, डॉ. आर. एन. मिश्रा, एम.डीडॉ. बी.सी. बारा, स्वा. एवं परिवार कल्याण से देवेन्द्र कुमार एंव अशोक जायसवाल, सोनवीर का विशेष योगदान रहा।

# GENERAL MANAGER, CENTRAL RAILWAY'S VISIT TO MATUNGA WORKSHOP

Mumbai: Shri.D K Sharma, General Manager, Central Railway, visited Carriage Workshop, Matunga for annual inspection on 03.04.2018. Shri Sharma instructed Officers to focus on availability and upkeep of passenger amenity items. He also appreciated the initiatives taken by the Workshop, for the convenience of passengers like, refurbishing of coaches, provision of standard lavatory amenities etc. One automatic Distributor Valve testing bench was inaugurated by senior-most staff of the shop in presence of the GM.This innovation of Matunga Workshop which has resulted in reduced time required for testing of Distributor Valve from 1 hr. 45 mins. to 20 mins received appreciation from the GM. The GM instructed the officers of the Work-shop to give attention to staff welfare. In this regard, he applauded the efforts taken by the Workshop like, portable ladies staff rest-room, staff changing room, renovation of ladies staff room, upgradation of washing room, renovation of dispensary, all Amul products dispensing counter, self-service kiosk, sports facilities etc.



Shri. D K Sharma flagged off a Poly-Urethane painted EMU rake with 100% LED fitting and also inspected the technical innovations and initiatives of Matunga Workshop like robotic cleaning of AC duct of AC coaches, data management software modules for Traction Motor, roller bearing and machinery and also self-propelled inspection car. In addition AC coaches, Non-AC coaches and pantry car were also inspected. The General Manager also announced an award in appreciation of the excellent work done by the Workshop in the field of quality improvement of coaches, staff welfare and technological advancement.

# ट्रेनों और प्लेटफार्मो से खरीदे गए सामग्री पर 5% GST

वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया है की रेलगाड़ियों के साथ-साथ प्लेटफार्मों अथवा स्टेशनों पर भी उपलब्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों की आपूर्ति पर देय जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की दर में एकरूपता लाने और इस बारे में कोई भी संशय या अनिश्चितता समाप्त करने के उद्देश्य से यह स्पष्ट किया जाता है कि सक्षम प्राधिकरण की मंजूरी से भारतीय रेलवे अथवा भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम लिमिटेड (आईआरसीटीसी) अथवा उनके लाइसेंसधारकों द्वारा या तो रेलगाड़ियों में अथवा प्लेटफार्मों पर आपूर्ति किए जाने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थों पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के बगैर जीएसटी दर ५ प्रतिशत होगी। रेलवे बोर्ड को इस आशय में पत्र जारी कर दिया गया है।

# RPF PERSONNEL REALISED HUGE AMOUNT FROM FINE AND PENALTIES

Kolkata:Security Department of SER has been working round the clock for better protection and security of railway property, passenger area, passengers and matters connected with rail crimes. This apart, there are separate intelligence units i.e. Special Intelligence Branch (SIB) and Crime Intelligence Branch (CIB) at headquarters and four divisions i.e. Kharagpur, Adra, Chakradharpur and Ranchi for collection of special and criminal intelligence. Dog Squads are also deployed for detection of explosive and criminals. A large number of persons illegally have done many offences in railway areas like roof and footboard travelling, touting, unauthorised entry into coaches earmarked for ladies, unauthorised hawking/vending, trespass, nuisance etc. These are completely detrimental to railway resolutions. RPF personnel of SER, during the financial year 2017-18 arrested 51,767 persons out of which 42,360 persons were convicted under Railway Act 1989. By way of these illegal activities in railway areas, security department has realised Rs.1,10,79,808/- towards fine and penalties.

**पाठक ध्यान दें**

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

**किसी भी प्रकार का ज्वलनशील एवं विस्फोटक पदार्थ लेकर रेल यात्रा ना करें।**

हमारा लक्ष्य संरक्षा सुरक्षा एवं समय पालन




# जल्द ही नये रंग रूप में देखेगा वातानुकुलित कोच



नई दिल्ली। रेल कोच डिजाइन नवाचार योजना के हिस्से के रूप में रेल मंत्रालय के अंतर्गत उत्पादन इकाई इंट्रेगल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) ने एलएसीसीएन एलएचबी ३ टियर एसी) कोच में लंबवत स्तंभों पर अतिरिक्त शीशे लगाकर अखंडित खिड़की की व्यवस्था की है। इससे वातानुकुलित कोच सौंदर्य की दृष्टि से मनोहारी और बाहर से भी देखने में सुंदर लगेंगे। चरण बद्ध तरीके से सभी वातानुकुलित यानों में अखंडित खिड़की का प्रावधान किया जाएगा। अभी आईसीएफ द्वारा निर्मित उपयोग में लाए जा रहे एलएचबी कोचों में ११ एमएम लंबाई X ६८० एमएम ऊंचाई वाली खंडित खिड़की लगी है। लेकिन कोचों की आंतरिक साज-सज्जा को पहले की तरह ही रखा जाएगा।

# राइट्स लिमिटेड का अधिकारी रिश्वत लेते धराया

नई दिल्ली। रेलवे की कंपनी राइट्स लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी वेंकटेश्वर राव, जीजीएम, को पंद्रह लाख रूपये की रिश्वतखोरी के आरोप में सीबीआई ने हैदराबाद स्थित राइट्स लिमिटेड के परियोजना कार्यालय से रँगे हाथ पकड़ा। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह अधिकारी केवीआर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के एक प्रतिनिधि से १.५ करोड़ के लंबित बिल को पास कराने के एवज में मांग रहा था, बतादें की राइट्स लिमिटेड ने ही केवीआर इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी को ११ करोड़ में यह ठेका आवंटित किया था। यह कंपनी रेलवे को परिवहन, तकनीकी क्षेत्र में परामर्श एवं बुनियादी ढाँचे की सेवायें प्रदान करती हैं।

# अल्पसंख्यक होने का आधार

महोदय, अल्पसंख्यक शब्द भारतीय राजनीति में अफीम के नशे की तरह है। तथाकथित सेक्यूलरपर्टियां इस अद्भुत नशे से वंचित नहीं रहना चाहतीं। इस अल्पसंख्यक शब्द की व्याख्या संविधान में कहीं नहीं है, आखिर यह स्पष्ट होना चाहिए न कि कौन लोग अल्पसंख्यक होंगे, अल्पसंख्यक होने का आधार क्या होगा? कोई निश्चित संख्या, धर्म या कोई जाति। संविधान के अनुच्छेद २६ में अल्पसंख्यक वर्ग के हितों के संरक्षण की बात कही गयी है लेकिन यह नहीं बताया गया है कि यह अल्पसंख्यक कौन होंगे। संविधान के भाग चार के नीति के निदेशक तत्व नामक अध्याय के अनुच्छेद ४ समान सिविल संहिता की बात करता है लेकिन इसका उल्लेख होते ही तथाकथित सेक्यूलर दलों का अफीम का नशा चटकने लगता है और 'अल्पसंख्यक' शब्द पुन: आड़े आ जाता है। समान सिविल संहिता और अल्पसंख्यक यह दोनों ही शब्द एक दूसरे के प्रबल प्रतिद्वन्द्वी हो चुके हैं। इनकी संवैधानिक प्रासंगिकता पर ही बहुत बड़ा प्रश्न चिन्ह दिखने लगता है, फिर भी हमारे संविधान में इनकी जगह यथावत है।

## पाठक ध्यान दें

उक्त पत्रिका अपनी प्रकाशित पत्रिका रेल समाचार ब्यूरों आप सभी ग्राहको/सदस्यों एवं विशिष्ट व्यक्तियों को नियमित भेजी जा रही है। कभी-कभी विद्युत आपूर्ति एवं प्रेस कर्मीयों के क्षणीक आभाव के कारण विलम्ब से पावती के लिये खेद वक्त करता है।

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक: ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

मुद्रक- एस.एस. प्रिन्टर्स, बाघम्बरी अल्लापुर, इलाहाबाद। से मुद्रित एवं कैम्प केन्द्रीय कार्यालय ५०२, पंचशिला त्रिवेणी रोड, इलाहाबाद। (वितरण केन्द्र) केन्द्रीय कैम्प कार्यालय ८४/३६ आर्य नगर पहाड़गंज नई दिल्ली-५६ फोन नं. -०५३२-२४१८०४० फैक्स नं- ०५३२-२५५८८४७ आर.एन.आई नं. ५१०६७-६०- पोस्ट ए.डी-८ कम्पूटीरक त प्रेस इ. ब्लाक वर्क्स जीरो रोड, इलाहाबाद

**समस्त प्रकार के कानूनी मामलों का न्यायिक क्षेत्र इलाहाबाद होगा**

# अगले अंक में

१- वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग यात्रियों के लिए स्टेशनों पर एस्केलेटर,लिफ्ट की सुविधा।
२- यात्रियों की सुविधा हेतु स्पेशल रेल गाड़ीयों का संचालन।
३- नहीं रुक रही है स्टेशनों पर अवैध वेंडिंग।
४- वित्तीय वर्ष २०१७-१८ में टिकट चेकिंग आय में हुई अभूतपूर्व व द्धि।
५- रेल मन्त्रालय द्वारा जारी पत्रों की सुनवाई।
६- रेल विभागीय द्वारा जारी पत्रों पर सुनवाई।
७- महाप्रबंधक द्वारा अत्याधुनिक रेल प्रगति पर अपने विचार।
८- रेल मजदूर यूनियन का आपसी तालमेल।
९- पिछड़ी जातियों को रेल में कितना दखल।
१०-रेल राजपत्रित अधिकारियों के कानूनी प्रकार।

## सभी डी.आर.यू.सी.सी.सदस्यों को नामित होने पर हार्दिक बधाई

उक्त पत्रिका आपको नियमित रूप से भेजी जा रही है,क पया अपने परिक्षेत्र में हुए रेल सुधारों /सुझावों के बारे में अपना लेख प्रकाशन हेतु हमें भेजने की कुपा करें।

प्रधान सम्पादक- ज्ञानेंद्र कुमार श्रीवास्तव
मो. 9793956044

## रेल कर्मी-मैरिज ब्यूरो

सभी रेल कर्मियों के सुविधा हेतु मैरिज ब्यूरो सम्बन्धी एक बाक्स प्रकाशित किया जा रहा है। जिसमें रेल कर्मी मात्र एक सौ रूपये भेज कर वर-बधु का परिचय पत्र तीन बार प्रकाशित करा सकते हैं।

ज्ञानेन्द्र कुमार श्रीवास्तव - प्रधान संपादक रेल समाचार ब्यूरो
प्रधान सम्पादक:- रेल समाचार ब्यूरो
Phone : (0532) 2418040 Fax : (0532) 2558847
Mobile : 9793956044, 8826765066

## संरक्षा नियमों का उल्लंघन दुर्घटना का आमंत्रण है।

***Railway Passengers Safety & Amenities Association***

***Aim of the Society is to serve the Railway Passengers***

Camp Office: House No. 8439, Arya Nagar
Paharganj, New Delhi-55
(U.P.)
(M) 9793956044,8826765066
E-mail:railsamacharbureau@rediffmail.com
Vice Chairman
Gyanendra Kumar Srivastava

Regd. Office : 502, Punchsilla,
Triveni Road, Kydganj Allahabad.
Ph. : 2418040 Fax : 0532-2558847
(M) 9793956044, 8826765066
Office Sect. :
S. Katar, Jawahar

*उक्त संगठन में आप भी सदस्य होकर रेल यात्रियों की सेवा कर सकते हैं। शीघ्र मिले या पत्र व्यवहार करें।*